Seventeenth Loksabha

>

Title: Request to give compensation to the victim of families of Chamoli Glacier outbrust in Uttrakhand.

श्री हाजी फजलुर रहमान (सहारनपुर): सभापति महोदया, आपका बहुत-बहुत शुक्रिया । उत्तराखंड के चमोली के तपोवन में एक आपदा आई हुई है, जिसमें बहुत से लोग लापता हुए हैं और मारे गए हैं । हमारे जिला-सहारनपुर के तकरीबन 25 से ज्यादा लोग लापता हैं । मेरा आपसे यह निवेदन है कि इस वक्त वहां पर जो राहत कार्य हो रहा है, उसमें तेजी लाई जाए और इसके साथ-साथ बचाव दल की संख्या भी बढ़ाई जाए । मैं यह भी कहना चाहता हूं कि जो लोग मारे गए हैं, उनके परिवार वालों के लिए सेंट्रल गवर्नमेंट और यूपी गवर्नमेंट कम से कम 25-25 लाख की सहायता राशि देने का कार्य करें । इस सदन के माध्यम से मैं कहना चाहूंगा कि यह पूरा सदन पीड़ित परिवारों के साथ खड़ा है ।